-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 28.10.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **पुलिस अधीक्षक बांदा के निर्देशन में जनपद में चलाया गया जनपद में सघन बैंक चेकिंग अभियान, बैंक परिसर, बैंकों/एटीएम के आसपास की गई संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग। एटीएम/बैंक शाखाओं की चेकिंग कर सुरक्षा उपकरणों सीसीटीवी कैमरों, आपातकालीन अलार्म, फायर इंस्टीग्यूजर आदि को किया गया चेक। सर्राफा दुकानों तथा अन्य स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वस्तुओं की भी की गई चेकिंग।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में अपराध तथा अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा त्योहारों के दृष्टिगत बैंकों और उसके आसपास के क्षेत्रों से होने वाली लूट, छिनैती, चोरी तथा टप्पेबाजी जैसी घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए आज दिनांक 28.10.2024 को जनपद में सघन बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज द्वारा स्टेट बैंक अलीगंज शाखा, बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा कालूकुआं, बैंक ऑफ इण्डिया शाखा पदमाकर चौराहा, यूनियन बैंक शाखा छावनी तथा पंजाब नेशनल बैंक शाखा छावनी को चेक किया गया। अभियान के क्रम में समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा एटीएम/बैंक शाखाओं को चेक किया गया। चेकिंग के दौरान एटीएम/बैंकों में लगे सुरक्षा उपकरणों यथा सीसीटीवी कैमरों, आपातकालीन अलार्म तथा अग्निशामक यंत्रों आदि को चेक किया गया। कुछ एक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे खराब पाये गये जिन्हे ठीक कराने हेतु निर्देशित किया गया। बैंक कर्मचारियों से बातचीत कर उन्हे बैंक का कार्य सुचारू रुप से चलाने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। पुलिस द्वारा बैंक सुरक्षा गार्डों को निर्देशित किया गया कि बैंक में आने वाले ग्राहकों के वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े हो ताकि सड़क पर आने जाने वालों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान एटीएम/बैंकों के आसपास टहल रहे संदिग्ध व्यक्तियों तथा संदिग्ध वाहनों की भी चेकिंग की गई व कड़ी चेतावनी दी गई। धनतेरस एवं दीपावली त्योहारों के दृष्टिगत सर्राफा दुकानों तथा मुख्य बाजार के आस-पास चेकिंग की गई।